

### एक नजर में



## कारगिल विजय दिवस पर पौधरोपण किया

**उज्जैन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन के पीसी गुप्ता के निर्देशानुसार एवं सचिव मनोज भाटी के मार्गदर्शन में कारगिल विजय दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर लायंस क्लब पैशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में शिप्रेश्वर महादेव हनुमान मंदिर परिसर ग्राम मेंडिया में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएलवी अंजना शुक्ला ने बताया कि इस पुनीत एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में कारगिल के वीर शहीदों एवं सैनिकों के सम्मान में पौधरोपण किया गया। साथ ही एयर कमांड राहुल शर्मा ज्वाइंट डायरेक्टर गांधीनगर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में फलदार पौधों के साथ-साथ पर्यावरण को शुद्ध रखने एवं अधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले विभिन्न छायादार एवं औषधीय पौधों का भी रोपण किया। कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, विधिक सेवा के अजेंद्र त्रिवेदी, वर्षा जोशी, मनीषा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, कविता शर्मा, अर्चना ज्ञानी उपस्थित थे। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा राष्ट्र के वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास रहा।




## कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**उज्जैन।** उज्जैन दक्षिण के ग्राम मंगरोला स्थित बूथ क्रमांक 8 व 9 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम और पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास, जनकल्याण और संगठन की मजबूती के लिए दिए गए मार्गदर्शन को कार्यकर्ताओं ने प्रेरणादायी बताया। सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण और मजबूत कड़ी माने जाने वाले पन्ना प्रमुखों के समर्पण, निष्ठा और सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई। इस अवसर पर कलावती यादव, संजय अग्रवाल, डॉ. रवि सोलंकी, कमल बैरवा, आनंद खींची, विजय चौधरी, जितेंद्र कृपलानी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, मातृशक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी महेंद्र जायसवाल ने दी।



## एकादशी पर निकली दिंडी यात्रा

**उज्जैन।** समग्र हिंदू समाज द्वारा आषाढ़ी देवशयनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को निकाली गई दिंडी यात्रा का अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने भव्य स्वागत किया। महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट के नेतृत्व में पदाधिकारियों और समाजजनों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि यह दिंडी यात्रा टावर चौराहे पर एकत्रीकरण और महाआरती के पश्चात प्रारंभ हुई थी। यात्रा टावर, शहीद पार्क, सांदीपनि चौराहा, देसाई नगर और लक्ष्मीनगर चौराहे से होते हुए सेठीनगर स्थित गजानन महाराज मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। निखिल गोठवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान राजेश जारवाल, शीला मरमट, हरीश ललावत, राहुल अखंड, मदन लाल ललावत, दीपक मरमट, अशोक मिमरोट और विपिन मरमट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सतीगेट क्षेत्र मे निर्माण कार्य की धीमी चाल, यहीं से निकलेंगे बाबा महाकाल

## बाबा महाकाल की पहली सवारी से पहले मार्ग होंगे तैयार, तेज हुई निर्माण कार्यों की रफ्तार, रामघाट पर अफसर का फोकस

**उज्जैन। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार तेज कर दी गई है। रविवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नियमित निरीक्षण के दौरान कंठाल चौराहा से सतीगेट, छत्री चौक, ढाबारोड, रामघाट मार्ग और देवास रोड स्थित निर्माणाधीन गीता भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 3 अगस्त को निकलने वाली बाबा महाकाल की पहली सवारी से पहले रामघाट और ढाबारोड़ मार्ग का चौड़ीकरण हर हाल में पूरा कर रास्ता पूरी तरह सुगम बनाया जाए।**



कलेक्टर ने कंठाल चौराहे से पैदल भ्रमण करते हुए सतीगेट, छत्री चौक, कमरी मार्ग चौराहा, ढाबारोड़ और सत्यनारायण मंदिर तक चल रहे चौड़ीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि महाकाल की पहली सवारी से पहले रामघाट जाने वाले पूरे मार्ग पर निर्माण कार्य समाप्त कर आवागमन निर्बाध किया जाए। कमरी मार्ग चौराहे के विस्तार और फिनिशिंग कार्य भी तत्काल पूरे करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों से कहा कि दिन-रात टीम लगाकर तय समय सीमा में सभी कार्य पूरे किए जाएं।

इसके बाद कलेक्टर ने देवास रोड स्थित गीता भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शेष सभी कार्य 29 जुलाई से पहले पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्य प्रवेश द्वार पर पत्थर लगाने, मंच निर्माण, ऑडिटोरियम में कुर्सियां स्थापित करने तथा भवन की फिनिशिंग का काम समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

### सती गेट निर्माण कार्य पर नाराजगी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सतीगेट मार्ग चौड़ीकरण कार्य की प्रगति पर भी नाराजगी जताते हुए काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सितंबर में निकलने वाली बाबा महाकाल की अंतिम राजसी सवारी से पहले कंठाल चौराहा से गोपाल मंदिर तक पूरा मार्ग पूरी तरह तैयार और अवरोध मुक्त होना चाहिए। विदित हो कि कलेक्टर और संभागायुक्त प्रतिदिन निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

### गीता भवन जाएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

गौरतलब है कि लगभग 5.1 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्मित गीता भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 1250 लोगों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, ग्रीन रूम, मल्टीपरपस हॉल, प्रशासनिक कक्ष और चार अतिरिक्त कक्ष बनाए गए हैं। तैयार होने के बाद यह भवन धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गीता भवन का लोकार्पण गुरु पूर्णिमा पर करेंगे.

# किराए के मकान में युवक को गैंग ने बनाकर रखा था बंधक-मामला नरवर का

**उज्जैन।** हनीट्रेप के जाल में फंसाकर युवक के परिजनों से 10 लाख की फिरौती वसूलने वाली गर्ल गिरफ्त में नहीं आ सकी। उसकी गैंग के सदस्यों से अपहरण, ब्लैकमेलिंग और फिरौती में प्रयुक्त एक कार ओर बरामद कर ली गई। पुलिस युवक को एक दिन तक बंधक बनाकर रखे मकान तक भी पहुंची, जो किराये पर लिया गया था।

नरवर के रहने वाले हैदर पटेल से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद भोपाल की रहने वाली अंजली ठाकुर ने 18 जुलाई को अपनी गैंग के साथ मिलकर तपोभूमि चौराहा के पास से अपहरण कर लिया था। उसका अश्लील वीडियो बनाया गया था और एक दिन तक बंधक बनाकर रखा था। गैंग ने 50 लाख की फिरौती मांगी थी, 26 लाख में बात तय कर 10 लाख नगद लिये थे, 16 लाख के एवज में हैदर की आई-10 कार, सोने की चैन, घडी रख ली थी। गैंग के बंधन से रिहा होने के बाद हैदर ने 20 जुलाई को नानाखेड़ा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने गैंग से जुड़े 10 आरोपियों लोकेश पिता राजेश शर्मा पंवासा, राजपाल पिता जालमसिंह राठौड़ ग्राम जहांगीरपुर इंगोरिया, पंकज पिता गजानंद बमोरिया अवंतिपुरा, यशवंत पिता जगदीश देवड़ा, आर्यन पिता मुकेश राठौर तिरुपतिधाम, लखन पिता नारायणसिंह पंवार ग्राम पिपलिया डाबी उन्हेल, इदरीश पिता दिलीप पटेल नरवर, इमरान उर्फ राजा पिता खाजू पटेल, जयसिंह पिता अजबसिंह चौहान निवासी बदरखां और आयुष पिता दिनेश जाटवा निवासी भैरूनाला उज्जैन को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। गिरफ्त में आने पर 5 लाख रूपये, फरियादी की कार और बोलेरो जब्त कर ली थी। पूछताछ में शनिवार को एक कार और जब्त की गई।

एसआई हेमंतसिंह जादौन ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर बंधक बनाने वाली जगह का पता लगाया गया। गैंग के मुख्य आरोपी दंबग हिन्दू सेना चलाने वाले लोकेश शर्मा ने बताया कि उसने पंवासा क्षेत्र में बन रही महाकाल धाम कालोनी में किराये से मकान लिया है। वहीं पर हैदर को रखा गया था। पुलिस ने महाकाल धाम कालोनी पहुंचकर मकान की तस्दीक की। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि मकान किराये से देने वाले ने पुलिस को किरायदार की सूचना दी है या नहीं।

### इनका कहना है

एसआई जादौन के अनुसार गैंग में शामिल अंजली ठाकुर भोपाल और दीपक राजपूत पंवासा गिरफ्त में नहीं आ सके है। उनकी तलाश में एक टीम उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। रविवार को गिरफ्त में आये 10 आरोपियो का रिमांड खत्म होने पर उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## प्रधान आरक्षक से एएसआई बने मालवीय का निधन

**उज्जैन।** पुलिस विभाग में वर्ष 1986 में जनसेवा की भावना से आरक्षक के पद भर्ती हुये विक्रमसिंह मालवीय घट्टिया थाने पर प्रधान आरक्षक के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। 2 दिन पहले ही प्रमोशन होने पर उन्हे एएसआई बनाया गया था। शनिवार को उनका आकस्मिक निधन हो गया। खबर घट्टिया थाने और पुलिस विभाग तक पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि एएसआई विक्रमसिंह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनके हार्ट का ऑपरेशन भी हुआ था। बीमारी के दौरान ही उन्हे प्रमोशन मिला था। लेकिन शनिवार को उनके निधन की खबर आई। वह मूलरूप से ग्राम करोहन के रहने वाले थे।

## महाकाल लोक में भक्तों को नशा मुक्ति की शपथ

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री के निर्देशन में 14 जुलाई से पूरे प्रदेश में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा एवं विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षक रवि कुमार गुप्ता के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन मनीषा पाठक सोनी के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन के अधिकारियों ने 25 जुलाई को महाकाल लोक में आए श्रद्धालुओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उप पुलिस अधीक्षक शैलजा भदोरिया ने प्रदेश में संचालित अभियान के बारे में बताया नशे से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी प्रदान की। निरीक्षक नितिन अमलावत ने नशे के प्रकार एवं उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताएं। सभी उपस्थित 5000 श्रद्धालुओं ने ने नशा मुक्त बनाने में योगदान की शपथ ली एवं हस्ताक्षर अभियान में सहयोग प्रदान किया।

# खाचरौद में 33 लाख की चोरी का खुलासा, मास्टरमाइंड सहित 3 गिरफ्तार

- एसडीओपी आकांश बेछोटे के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई

**खाचरौद।** थाना खाचरौद पुलिस ने कस्बे में हुई लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लगभग 33 लाख रुपये के चोरी गए आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के अनुसार फरियादी परिवार त्योहार मनाने मुंबई गया हुआ था। इसी दौरान 18-19 जून की रात अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए थे। इस संबंध में थाना खाचरोद पर अपराध क्रमांक 268/26 धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उज्जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात करनदीप सिंह के निर्देशन तथा एसडीओपी आकांक्षा बेछोटे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक धनसिंह नलवाया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की और कैमरों की फुटेज खंगाली गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहियों रिफत पिता रसीद खान 25 वर्ष, निवासी जुना शहर खाचरौद, शेर खान पिता कय्यूम शाह 24 वर्ष, निवासी जुना शहर खाचरौद, फिरोज शाह उर्फ विस्सू पिता फरीद शाह 22 वर्ष, निवासी भोपा कॉलोनी खाचरौद, शेर खान व फिरोज उर्फ विस्सू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।



### अब पुलिस ने शेष माल की बरामदी शुरू की

कड़ी पूछताछ में तीनों आरोपियों ने रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया करीब 33 लाख रुपये कीमत का सोना-चांदी का माल जब्त किया है। पुलिस ने न्यायालय से आरोपियों का रिमांड प्राप्त कर शेष माल की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बता दें कि अभी तक जितनी भी चोरी की वारदातें हो रही हैं वह अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में ही हो रही है और पुलिस मामले में पड़ताल कर खुलासा भी कर रही है।

# कारगिल के अमर बलिदानियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने कारगिल युद्ध के वीर जवानों का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने कारगिल विजय स्मारक पहुंचकर शहीदों की स्मृति में पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर इकबाल उस्मानी ने वीर सैनिकों के अदम्य साहस को याद करते हुए कहा कि 26 जुलाई 1999 को हमारे जवानों ने पाकिस्तान की नापाक साजिशों को नाकाम कर कारगिल में देश का परचम लहराया था। समारोह में डॉ. तेज कुमार मालवीय ने मेरे देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो गीत प्रस्तुत कर देशभक्ति और आपसी एकता का संदेश दिया। वहीं, पंकज जायसवाल ने भारत माता की जय का जयघोष कर माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।



### इन गणमान्य लोगों ने अर्पित किए पुष्प

विजय स्मारक पर सादिक मंसूरी, चेतन ठक्कर, जहीर नागोरी, समीर खान, आजम खान, गंगाधर महा, मोहम्मद फारूक, इकबाल हुसैन, इरफान राइन, शाकिर शेख और अभिषेक सिसोदिया ने वीर जवानों को पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया। जानकारी इस्माइल भाई रंगवाला एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने दी।

## सांसद का किया स्वागत साथ में पौधारोपण भी

**उज्जैन।** बिहार के शिवहर क्षेत्र की सांसद लवली आनंद रविवार को देवदर्शन के लिए उज्जैन आईं। यहां पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत कर अभिनंदन किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अनिल सिंह चंदेल, हरदयाल सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में उनका राज महल में स्वागत किया गया। महासभा के युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष राजा ठाकुर, जितेंद्र सिंह राजावत, अभिषेक सिंह बैस, लोकेंद्र सिंह गौड़, कल्याणसिंह राजावत आदि सदस्यगण मौजूद थे। इस मौके पर सभी ने राज महल में पौधारोपण भी किया।

# स्वस्थ तन में ही होता है स्वस्थ मन का वास

- लायंस क्लब सुरभि ने पार्श्वनाथ
- सिटी में लगाया योग शिविर

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन सुरभि ने अपने नवीन प्रोजेक्ट आरोग्यम धन संपदा के अंतर्गत पार्श्वनाथ सिटी और आसपास की कॉलोनियों की महिलाओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्यगत समस्याओं के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यह शिविर पतंजलि योगपीठ की सुषमा यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में योग की महत्ता बताते हुए सुषमा यादव ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए हर मनुष्य को प्रतिदिन नियमित रूप से योग अवश्य करना चाहिए। क्लब अध्यक्ष अरुंधति पेंढारकर ने बताया कि एक घंटे का यह योग सत्र महिलाओं के लिए काफी उपयोगी रहा। क्लब द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए हर माह अलग-अलग क्षेत्रों में योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन के दौरान क्लब की उपाध्यक्ष डॉ. संध्या सक्सेना व सुधा गुप्ता, संतोष गुप्ता, मिथिलेश गर्ग, आरती, कल्पना अंबेडकर और मीना झालानी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।




# टीआई और उनकी टीम का बैरवा महासभा ने किया सम्मान

**उज्जैन।** टॉवर चौक पर हुई फायरिंग की घटना के बाद हथियारबंद आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने वाले माधवनगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरीया और उनकी टीम का अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने सम्मान किया है। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट के नेतृत्व में समाजजनों ने उनकी इस बहादुरी और त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के कुशल निर्देशन की भी तारीफ की गई। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी टीआई पचोरिया को इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर चुके हैं। इसके साथ ही बैरवा समाज ने भी इस उत्कृष्ट कार्य के लिए थाना प्रभारी को समाजजनों की उपस्थिति में सम्मानित किया।



### इस आयोजन में यह रहे उपस्थित

बैरवा समाज ने टीआई का स्वागत कर उनके साहस को अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। निखिल गोठवाल ने बताया कि सम्मान के इस अवसर पर एमआईसी सदस्य पार्षद जितेन्द्र कुंवाल, जगदीश अखंड, सुनील कुमार गोठवाल, मनोज नागवंशी, मनीष जाटवा, प्रदीप मैहर, कमलेश मरमट, पत्रकार राकेश बैंडवाल, श्याम महाराज और उमेश जाटवा आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

30 जुलाई से पर्व, हज़ारों श्रद्धालु उमड़ेंगे दर्शन के लिए, मंदिर में तैयारी

# श्रावण से पहले महाकाल के गर्भगृह में चांदी की सफाई, रुद्र यंत्र चमक रहा

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में श्रावण मास के लिए गर्भ गृह में लगी चांदी की सफाई का काम शुरू हो गया है। तीन से चार कर्मचारी इस कार्य में जुटे हुए हैं। जो चांदी की सफाई कर रहे हैं। श्रावण मास में हजारों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन करने के लिए उमड़ेंगे। मंदिर में तैयारी चल रही है।

उल्लेखनीय है कि गर्भ गृह अंदर छत पर चांदी का रूद्र यंत्र बना है तो नीचे जलाधारी व आसपास की दीवारों पर चांदी लगी हुई है। साथ ही भगवान की मूर्तियां, दरवाजे और भी कई चीजे हैं जो चांदी में ही बनी हुई है। उनकी सफाई का कार्य किया जा रहा है। श्रावण मास के दौरान यह चमचमा उठेगी। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि शनिवार को ही चांदी की सफाई का काम शुरू कर दिया गया था जो कि रविवार को भी निरंतर जारी रहा। श्रावण मास 30 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके पहले पूरा गर्भ गृह व नंदीहॉल नंदीहाल सफाई कर चमका दिया जाएगा। मंदिर के शिखर की भी सफाई कराई जा रही है। 30 जुलाई से 7 सितंबर तक श्रावण-भादौ का पर्व होगा व प्रति सोमवार को सवारियां भी निकलेगी।

### डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने किए दर्शन

मध्य प्रदेश के मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने रविवार को उज्जैन में ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाले के दर्शन लाभ लिए। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अध्यक्ष डॉ. सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने गर्भगृह के बाहर से भगवान महाकाल से हाथ जोड़कर आशीर्वाद लिया तथा नंदीहॉल में बैठकर पूजा, अर्चना संपन्न की।

### कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम पर बैठक संपन्न

उज्जैन। बड़ा पुल स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के पंचानंद गिरी महाराज के कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आश्रम समिति के पदाधिकारी, संत-महात्मा एवं श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान गुरु पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व जूना अखाड़ा के कामाख्या पीठाधीश्वर हिमालय गिरी महाराज के सान्निध्य में अघोर काली माता का पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात बैठक का शुभारंभ हुआ। आश्रम समिति के नितेश कुमार ने बताया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आश्रम में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए भोजन-प्रसादी, आवास, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अवधूत गिरी महाराज, निशांत गिरी, रवि गिरी, हितेश गिरी, राहुल गिरी, हनुमान गिरी, रुद्राणी गिरी सहित आश्रम समिति के सदस्य एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।